दिनांक 14 मार्च 2023 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

महापौर नीरज पाल के प्रयासों से बुजुर्ग को मिली वाकर की मदद, अब बुजुर्ग को चलने में हो रही आसानी, वाकर से मिली बड़ी राहत

भिलाई नगर/ महापौर नीरज पाल के प्रयत्न से एक बुजुर्ग व्यक्ति जो चलने में असहाय था उसे वाकर मिल गया है जिसके चलते, उन्हें आने जाने में अब परेशानी नहीं होगी। दरअसल जब महापौर नीरज पाल अपने कार्यालय से निकल रहे थे उसी दौरान बाहर में उन्हें एक बुजुर्ग व्यक्ति जिसका नाम डीपी तिवारी है वह नजर आए। महापौर ने उस बुजुर्ग का हाल जाना और निगम में आने का कारण पूछा। बुजुर्ग व्यक्ति ने बताया कि उसका वाकर टूट जाने की वजह से उसे चलने में तकलीफ हो रही है। वहीं उसने बताया कि कहीं भी आने-जाने में उसे भारी परेशानियों का सामना भी करना पड़ रहा है। वाकर क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण उसके मरम्मत में भी कठिनाई हो रही है। उसने बताया कि एक वाकर मिल जाने से उसकी आने जाने की समस्या दूर हो जाएगी। इतना सुनते ही महापौर ने निगम के समाज कल्याण विभाग को बुजुर्गों की सहायता के लिए आवश्यक निर्देश दिए। समाज कल्याण विभाग द्वारा बुजुर्ग व्यक्ति को तत्काल वाकर उपलब्ध कराया गया। वाकर मिलते ही बुजुर्ग व्यक्ति के खुशी का ठिकाना नहीं रहा , उन्होंने सहायता के लिए महापौर का आभार व्यक्त किया। जब बुजुर्गों को वाकर प्रदान किया गया तो इस दौरान वरिष्ठ पार्षद वशिष्ठ नारायण मिश्रा भी मौजूद थे।